भारत सरकार

(जनजातीय कार्य मंत्रालय)

**लोक सभा**

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या †3486**

उत्तर देने की तारीख 15.07.2019

**राष्ट्रीय जनजातीय नीति**

†3486. श्रीमती गीताबेन वाजेसिंहभाई राठवाः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय जनजातीय नीति के निर्माण की स्थिति क्या है;

(ख) क्या विभिन्न हितधरों के विचार प्राप्त हुए हैं और उनके समावेशन की स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त नीति के निर्माण की समय-सीमा क्या है और इसके कार्यान्वयन की स्थिति क्या है?

**उत्तर**

## जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
## (सुश्री रेणुका सिंह सरूता)

(क) से (ग) जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2006 में मसौदा राष्ट्रीय जनजातीय नीति तैयार की थी | कुछ विधा यी और नीति परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए यह अप्रासंगिक हो गई थी और इसने इस मसौदा नीति के पुन: संशोधन को आवश्यक बना दिया था | इसी समय, अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर स्थिति -पत्र तैयार करने तथा आगे के सुझाव देने के लिए दिनांक 14.08.2013 को उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) गठित की गई थी | समिति ने दिनांक 29.05.2014 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों / विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों के विचारों को तय करते हुए 108 सिफारिशें निहित हैं | ये सिफारिशें भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्रालयों / विभागों तथा राज्य सरकारों को, अपने-अपने विचार / टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए भेजी गई थीं, जो अभी प्रतीक्षित है | अत: एचएलसी की सिफारिशें सरकार के विचाराधीन है तथा कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है |

*****